भक्त खड़े तेरे द्वार | By Rajkumar , Anjana |

भक्त खड़े तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

बजरंग बाला दिन दयाला
तू रखवाला तू रखवाला
भक्तों की प्रतिपाल करे
ऐसा है तू मधुमाला
आते हैं हर बार
प्यार जताने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

भक्त खड़े तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

गहरी नदीया दूर किनारा
दे दो सहारा दे दो सहारा
झूठे जग में तेरे बिना
अब कोई नहीं हमारा
नाम तेरे मजधार
से तर जाने के लिए
आए हैं तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए

भक्त खड़े तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

ये मेरा जीवन तेरे हवाले
मुझको बचा ले मुझको बचा ले
हमने सुनी है तेरी महिमा
तेरे खेल निराले
छोड़ा सब घर-बार
तुझे मनाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

भक्त खड़े तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

दास चिरंजीवी सेवक तेरा

चरणों का तेरे चरणों का तेरे
तेरे दर पर आं पड़े हैं
कोई नहीं है मेरे
आ जाओ सरकार
मुझे मनाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

भक्त खड़े तेरे द्वार
दर्शन पाने के लिए
आ जाओ एक बार
दरश दिखाने के लिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4-%e0%a4%96%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rajkumar-anjana/